बिलासपुर ने राजनांदगांव को 6-4 गोल... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


गुरूवार, 27 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 134, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# सीएम साय का सुशासनः राज्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की नई क्रांति लाने साय सरकार कर रही उल्लेखनीय प्रयास



**रायपुर।** अपनी सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक संसाधनों और कृषि के लिए पहचाना जाने वाला छत्तीसगढ़ विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में भी एक नई पहचान बनाने की दिशा में अग्रसर है. छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में एक नई क्रांति का साक्षी बन रहा है. राज्य सरकार ने विज्ञान और तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं, जो प्रदेश को इस क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में एक नई विज्ञान और नवाचार की क्रांति की शुरुआत हो रही है, जिसका मुख्य केंद्र होगा च्साइंस सिटीज. छत्तीसगढ़ अब शिक्षा, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान बनाने में सफल हो रहा है. इसी तारतम्य में साइंस सिटी की स्थापना की जा रही हैं. नवा रायपुर के सेक्टर-13 में 30 एकड़ भूमि पर एक अत्याधुनिक साइंस सिटी की स्थापना की योजना बनाई गई है. इस परियोजना का उद्देश्य छात्रों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाना है. साइंस सिटी में अंतरिक्ष एवं खगोल विज्ञान केंद्र, स्मार्ट सिटी एवं ग्रीन टेक्नोलॉजी सेक्शन, जलवायु परिवर्तन केंद्र, रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब, एयरोस्पेस रिसर्च सेक्शन, वर्चुअल एक्सपेरिमेंट लैब, थ्रीडी थिएटर और इमर्सिव डिस्प्ले जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी. यह केंद्र न केवल शिक्षा का माध्यम होगा, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्पद स्थल के रूप में कार्य करेगा.आधुनिकतम तकनीकों से सुसज्जित साइंस सिटी राज्य को विज्ञान और तकनीक का नया केंद्र बनाएगा. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग , छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ की मौजूदगी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विजन के अनुरूप इस महत्वाकांक्षी परियोजना को तेजी से और समयबद्ध रूप से पूरा करने की रणनीति पर चर्चा भी की जा चुकी है. साइंस सिटी का मुख्य उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति युवाओं और छात्रों में जागरूकता बढ़ाना है.मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विजन के अनुरूप छत्तीसगढ़ को केवल प्राकृतिक संसाधनों का राज्य नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचारों के केंद्र के रूप में भी विकसित किया जा रहा है. साइंस सिटी को च्एडुटेनमेंटज्( (शिक्षा + मनोरंजन) की अवधारणा पर विकसित किया जाएगा , जिससे छात्रों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि विकसित करने का अवसर मिलेगा. यह एक ऐसा प्लेटफार्म होगा,जहां छात्र, शोधकर्ता और वैज्ञानिक एकत्रित होकर अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकेंगे. इसके माध्यम से, छत्तीसगढ़ में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा. साइंस सिटी में विभिन्न विज्ञान विषयों पर अनुसंधान और विकास के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएगी. यह छात्रों को प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा. साइंस सिटी में नियमित रूप से विज्ञान प्रदर्शनी और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जहां छात्र और आम जनता विज्ञान के विभिन्न पहलुओं के बारे में जान सकेंगे. साइंस सिटी में अंतरिक्ष एवं खगोल विज्ञान केंद्र, स्मार्ट सिटी एवं ग्रीन टेक्नोलॉजी सेक्शन, जलवायु परिवर्तन केंद्र, रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब, एयरोस्पेस रिसर्च सेक्शन, वर्चुअल एक्सपेरिमेंट लैब, थ्रीडी थिएटर और इमर्सिव डिस्प्ले जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी. साइंस सिटी में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप इन्क्यूबेटर की स्थापना की जाएगी, जिससे युवा उद्यमियों को अपने विचारों को साकार करने का अवसर मिलेगा.साइंस सिटी की संरचना में विभिन्न प्रकार के केंद्र शामिल होंगे, जैसे, विज्ञान केंद्र, अनुसंधान केंद्र, प्रयोगशालाएं, स्टार्टअप इन्क्यूबेटर और सामुदायिक केंद्र.साइंस सिटी की अत्याधुनिक सुविधाएं इसे देश के अग्रणी विज्ञान केंद्रों में शामिल रखने वाली साबित होंगी. छात्रों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों को विज्ञान



और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि विकसित करने में काफ़ी मददगार साबित होगी साइंस सिटीज् साइंस सिटी सिर्फ एक शैक्षिक संस्थान नहीं, बल्कि यह प्रदेश के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक केंद्र बनेगा.इसमें छात्रों के लिए एक्सपेरिमेंटल लर्निंग जोन बनाए जाएंगे , जहां वे वैज्ञानिक अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझ सकेंगे. साइंस सिटी छत्तीसगढ़ के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी. साइंस सिटी छात्रों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करेगी, जिससे उनकी शिक्षा में सुधार होगा. इसमें विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे. विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार से स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा. इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ वैश्विक स्तर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कर सकेगा.साइंस सिटी न केवल छत्तीसगढ़ में विज्ञान पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि यहां के युवाओं और वैज्ञानिकों को वैश्विक स्तर के अनुसंधान और नवाचार के अवसर उपलब्ध कराएगी. साइंस सिटी सिर्फ़ छत्तीसगढ़ के लिए ही नही बल्कि पूरे देश के लिए विज्ञान शिक्षा और नवाचार को नई दिशा देने वाली परियोजना होगी. साइंस सिटी में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विज्ञान सम्मेलन और शोध कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा,

## भारत के विकास को गति दे रहा है मध्यप्रदेश : अमित शाह



**भोपाल।** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भोपाल में सम्पन्न दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सिफ मध्यप्रदेश की नहीं, यह देश की उपलब्धि है। उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने के लिये उठाये गये कदम भारत के विकास को भी गति देने का कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश निश्चित ही प्रमुख उद्योग राज्य बनेगा। मध्यप्रदेश में निवेशकों में निवेश करने के प्रति विश्वास बढ़ा है। स्थायी और सशक्त सरकार, पारदर्शी प्रशासन, उपयोगी नीतियां, सहयोगी सामाजिक वातावरण, आर्थिक प्रगति के लिये ऐसे आधार हैं, ?जो मध्यप्रदेश में मौजूद हैं। मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने जनविश्वास अधिनियम, ईज ऑफ डूइंग के माध्यम से पहल की है। निश्चित ही मध्यप्रदेश टॉप एचीवर बनेगा। केन्द्रीय मंत्री शाह मंगलवार की शाम भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में हुई दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

## शहनाज के भजनों पर झूम उठे शिव भक्त



डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव के दूसरे दिन मध्यप्रदेश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज़ अख्तर के डोंगरगढ़ की विमले मैया, शंकर चौरा रे महामाई कर रही सोलह रे श्रृंगार, ये भगवा रंग सहित सभी भजनों पर दर्शक झूम उठे। सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज़ अख्तर को देखने और सुनने कार्यक्रम स्थल में हजारों की संख्या में जन समुदाय उमड़ पड़ा। भजन गायिका शहनाज़ अख्तर ने ऐसा शमा बांधा कि पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रारंभ से अंत तक मेला ग्राउंड दर्शकों से खचाखच भरा रहा। इस दौरान ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टीयों ने चुनरी भेंट कर भजन गायिका शहनाज़ अख्तर का स्वागत किया।



## आयुक्त विश्वकर्मा सुबह पहुंचे मोहारा जल संयंत्रगृह, गर्मी में सुचारू पेयजल के लिये आवश्यक व्यवस्था के दिये निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रीष्मऋतु में नागरिकों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज सुबह निगम के तकनीकी एवं अमृत मिशन के अधिकारियों के साथ मोहारा स्थित जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर गर्मी में सुचारू पानी सप्लाई के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल संयंत्रगृह मोहारा निरीक्षक के दौरान आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी लिये, उन्होने कहा कि ग्रीष्मऋतु को ध्यान में रखते हुये एलम, ब्लीचिंग तथा क्लोरिन गैस व अन्य आवश्यक सामाग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, मशीन आदि को दुरूस्त रखे, अतिरिक्त मोटर भी रखे ताकि खराब होने की स्थिति में बदला जा सकें। जिससे आम जनता को गर्मी में सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। सुचारू पेयजल के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक श्री संजय अग्रवाल ने भी निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि, तीनों सीप्ट में कार्यरत् कर्मचारी प्रतिदिन उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगें। बिना किसी आवश्यक कारण के अवकाश पर नही रहेंगें। सक्षम अधिकारी को जानकारी देकर उनके अनुमति के पश्चात वैकल्पिक व्यवस्था उपरांत ही अवकाश पर जायेगें। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नदी में वाटर लेबल एवं मटियामोती जलाशय से छोड़े गए पानी के संबंध में जानकारी लेकर भविष्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने पर आवश्यकतानुसार मोंगरा जलाशय से पानी लेने की स्थिति में जलसंशाधन विभाग को पत्र लिखने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके से कहा। उन्होने अमृत मिशन के अधिकारियों से व्यवस्था संबंधी जानकारी लेकर संयंत्र में रंग-रोगन कराने के साथ साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। आयुक्त ने कहा कि, जल विभाग से संबंधित अधिकारी समय-समय पर मॉनिटरिंग करते रहेंगे। किसी भी परेशानी आने की स्थिति में उसका तत्काल निराकरण करेगें। टंकी पुरा भरने के पश्चात ही पानी सप्लाई करेंगें। वाल्वमेन की तरफ से किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखेगें। इस अवसर पर प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उपअभियंता श्री अनुप पाण्डे व श्री युवराज कोमरे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव के अलावा अमृत मिशन के अधिकारी श्री शाहिद इब्राहिम व श्री नितिन पाटिल सहित जल विभाग एवं अमृत मिशन के अमला उपस्थित थें।

## गंगा स्नान करने गई 4 बच्चियां डूबी, 2 को सुरक्षित बचाया गया 2 का शव बरामद

**मीरजापुर।** गंगा स्नान करने गई चार किशोरियों के गंगा नदी में डूब जाने से कोहराम मच गया। बाद में ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से दो किशोरियों को सुरक्षित बचा लिया गया है जबकि दो किशोरियों के शव दोपहर बाद गंगा नदी से बरामद किया गया है। घटना की जानकारी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया था। बताते चलें कि मिर्ज़ापुर जिले के चुनार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जमालपुर माफी गांव के समीप बुधवार को सुबह तकरीबन 8 बजें चार बच्चियां गंगा स्नान करने गई हुईं थी। जहां स्नान के दौरान सभी गहरे पानी में जाकर डूबने लगी थी जिन्हें डूबता हुआ देख स्थानीय लोगों ने किसी तरह तत्परता बरतते हुए 2 बच्चियों को तो सुरक्षित बचाया लिया था, लेकिन 2 को बचाया नहीं जा सका था। दोनों गहरे पानी में चले जाने से डूब गई थीं।

# रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव का वार्षिक निरीक्षण संपन्न



**राजनांदगांव( नांदगाँव टाइम्स )।** मंडल सुरक्षा आयुक्त (रेल सुरक्षा बल), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर, श्री दीप चंद्र आर्य द्वारा रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) पोस्ट राजनांदगांव का वार्षिक विस्तृत निरीक्षण किया गया। वे 25 फरवरी 2025 को सुबह 10:40 बजे गाड़ी संख्या 12856 इंटरसिटी एक्सप्रेस से राजनांदगांव पहुंचे। इस दौरान इंस्पेक्टर तरुणा साहू, प्रभारी रेसुब पोस्ट राजनांदगांव, ने उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान श्री आर्य ने रेलवे सुरक्षा बल के बल सदस्यों की परेड का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत बैरक परिसर में कीट निरीक्षण किया गया तथा सामग्रियों के उचित रखरखाव को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए।



**बल सदस्यों से संवाद एवं मार्गदर्शन**

श्री आर्य ने पोस्ट में उपस्थित अधिकारियों एवं बल सदस्यों के साथ सुरक्षा सम्मेलन किया, जिसमें एक निरीक्षक, दो सहायक उपनिरीक्षक, तीन प्रधान आरक्षक और छह आरक्षकों सहित कुल 12 सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने बल सदस्यों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आधुनिक संसाधनों व तकनीकों का उपयोग करने, ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

**सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं दिशा-निर्देश**

निरीक्षण के दौरान पोस्ट कार्यालय, हाजत, अभियोजन शाखा, मालखाने तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भी जायजा लिया गया। श्री आर्य ने सुरक्षा उपकरणों और रजिस्टरों के उचित रखरखाव पर बल देते हुए रेलवे अधिनियम, वारंट रजिस्टर, हाजत रजिस्टर एवं अन्य प्रशासनिक दस्तावेजों की समीक्षा की। उन्होंने बल को डोजियर का सही संधारण करने एवं फिंगरप्रिंट प्रक्रिया को स्पष्ट और व्यवस्थित तरीके से अपनाने के निर्देश दिए।

**पुलिस अधीक्षक से समन्वय बैठक**

निरीक्षण प्रवास के दौरान मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री दीप चंद्र आर्य ने राजनांदगांव के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग से भी मुलाकात की। दोनों अधिकारियों के बीच रेलवे संपत्ति एवं यात्रियों



की सुरक्षा को लेकर समन्वय बैठक हुई। बैठक में नक्सल प्रभावित रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और जिले के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों में सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।इस निरीक्षण के दौरान बल सदस्यों को ड्यूटी के प्रति सजग रहने, अनुशासन बनाए रखने और किसी भी ऐसी गतिविधि से बचने के निर्देश दिए गए जिससे बल की छवि प्रभावित हो। मंडल सुरक्षा आयुक्त के इस निरीक्षण से सुरक्षा बल के कार्यों में और अधिक दक्षता लाने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

nandgaon times feb-27-3.qxd 2/26/2025 11:59 PM Page 2



# बिलासपुर ने राजनांदगांव को 6-4 गोल से हराकर जीती अस्मिता हॉकी स्टेट लीग

## जगदलपुर हॉकी रही तीसरे स्थान पर, मधुसूदन यादव महापौर के हाथो खिलाड़ी हुए पुरूस्कृत








**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार के सांई सेंटर व हॉकी इंडिया, के द्वारा संचालित व छत्तीसगढ हॉकी के द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी स्टेट लीग के फायनल मुकाबले में बिलासपुर की बालिका टीम ने राजनांदगांव हॉकी को 6-4 गोल से संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित करते हुए स्वर्ण पदक के साथ विजेता बनी राजनांदगांव रजत पदक के साथ उपविजेता व तीसरे स्थान पर जगदलपुर हॉकी ने कॉस्य पदक जीता चौथे स्थान पर स्पोटर्स अकादमी रायपुर की टीम रही प्रतियोगिता का समापन व पुरूस्कार वितरण समारोह मधुसूदन यादव महापौर के मुख्यआथित्य में अप्रिता मोहन सिन्हा क्षेत्रिय पार्षद खेमलाल वर्मा संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव सौमित मौर्या तहसीलदार फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी रमेश डाकलिया, श्री कुतुबुद्धिन सोलंकी, मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी,पार्षद छोटे लाल रामटेके, तथागत विजय पांडेय के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अस्मिता हॉकी स्टेट लीग का पुरूस्कार वितरण करते हुए श्री मधुसूदन यादव ने अपने उद्धबोधन में मंच मे उपस्थित समस्त वरिष्ठजनों का स्वागत करते हुए कहा की राजनांदगांव में फाण्उडेशन जो हमारी सरकार ने ही खडा किया है तो उसे सावंरेगें भी हम ही,उन्होने बताया खेल के क्षेत्र में जो भी संभव मदद करेंगें। खेल के विकास के लिए जो भी कार्य हो चाहे फ्लड लाईट की व्यवस्था हो या हॉकी स्टेडियम के टर्फ बदलने की बात हो। उन्होने कहा की हॉल ही में खेलो इंडिया से बात हुई है की हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ को बदलने का जो प्रस्ताव है वह राज्य सरकार ने अपने बजट में लिया है। छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषाण में कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण,हॉकी इंडिया एवं छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ में महिला हॉकी खेल का बढावा देने के उद्धेश्य से अस्मिता हॉकी स्टेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 9,60,000 रूपयें की नगद राशि विजेता,उपविजेता,व तीसरे स्थान रहने वाले टीमों को पुरूष्कार स्वरूप दिया गया जो की ऐतिहासिक है,भारत सरकार एवं राज्य सरकार की इस पहल से खिलाडियों को उचित मंच के साथ साथ वित्तिय सहायता प्रदान की गई। अस्मिता हॉकी स्टेट लीग का आयोजन देश के चुनिंदा आठ राज्यो में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, यह शौभग्या की बात है कि छत्तीसगढ को इस क्रम में पहला स्थान दिया गया।

**विजेता को दो लाख,उपविजेता को एक लाख साठ हजार व तीसरे स्थान टीम को एक लाख बीस हजार रूपये का चेक दिया गया**

फायनल मैच में बिलासपुर ने राजनांदगांव को फायनल में हराया हॉकी स्टेडियम में आज अपरांह में खेले गए बिलासपुर और राजनांदगांव के मध्य खेला गया फायनल मैच बहुत संघर्षपूर्ण रहा जिसमें बिलासपुर ने राजनांदगांव को 6-4 गोल से पराजित किया मैच के प्रारंभ से ही बिलासपुर ने राजनांदगांव पर दबाव बनाना शुरू कर दिया और पहले ही मिनट में रिया खलखो ने मैदानी गोल किया मैच के 7वें मिनट में दामिनी खुसरो ने मैच के 15वे मिनट में प्रियंका तिलगम, 19वें मिनट और 27वें मिनट में रिया खलखो ने और मैच के मधु सिदान ने गोल किया था वही राजनांदगांव की ओर से श्यामली राय और नैना सोनकर ने 1-1 गोल और दुबीरावत ने 2 गोल किया था हॉकी बिलासपुर ने 6-4 गोल से पराजित कर फायनल का खिताब अपने नाम किया। इसके पहले गए तीसरे व चौथे स्थान के लिए हॉकी जगदलपुर ने स्पोटर्स अकादमी रायपुर को कढे मुकाबले में 2-1 गोल से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया इस रोमांचक मुकाबले में मैच के मध्यांतर तक दोनो ही टीम ने कोई भी गोल नही कर पाई मैच के मध्यांतर के बाद मैच के 32वें मिनट में रायपुर के ओर से प्रतिमा कोलियारा ने गोल कर 1-0 गोल की बढत बनाई थी वहीं हॉकी जगदलपुर की ओर से मैच के 36वें मिनट में दामिनी कश्यप ने गोल कर 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया मैच के 55वें मिनट में चंन्द्रवती नेताम ने गोल कर 2-1 गोल से जीत दर्ज कर तीसरा स्थान प्राप्त किया । समापन समारोह का संचालन दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह ने किया। जिला हॉकी संघ के सचिव शिव नारायण धकेता ने आभार व्यक्त किया।

समापन समारोह में प्रमुख रूप से अजय झा, विद्या विलास श्रीवास्तव, नीलम जैन,भूषण साव, अनूप श्रीवास्तव, ज्ञानचंद जैन,अब्दुल कादिर, प्रिंस भाटिया, गुणवंत पटेल, सुदर्शन सिंह, डेनीज कृस्टि, अनुराज श्रीवास्तव, सचिन खोबरागड़े, शब्बीर सोलंकी, अभिनव मिश्रा, शिवा चौबे, रूपेश जायसवाल, तीरथ गोस्वामी, कृष्णा यादव, संतोष चोखान्द्रे, ममता गुप्ता, जितेंद्र सीमंकर, रवि कॉन्डईया आदि उपस्थित थे। आज के मैच में दामिनि सिंह,दिलीप रावत, राजेश निर्मलकर हनीफ कुरैशी, हारून खान,किशोर धीवर उपस्थित थे।

# गुजराती स्कूल में 12वीं के बच्चों को दिया फेयरवेल

## मूल्यवान शिक्षा के लिये गुजराती स्कूल का नाम लिया जायेगा- हैड बाय हर्ष श्रीवास्तव



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गुजराती हॉयर सेकेंडरी स्कूल में बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें बारहवीं, ग्यारहवीं एवं दसवीं कक्षा सहित स्कूल स्टाफ और मैनेजमेंट उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में सभी बच्चों को संस्था के द्वारा भेंट स्वरूप एक-एक टोकन दिया गया। ग्यारहवीं के बच्चे द्वारा बारहवीं के बच्चों के लिए आकर्षक एक्टिविटीज गेम भी कराया गया।

संस्था की सचिव रूपम सोनछात्रा ने अपने उद्बोधन में छात्रों को फेयरवेल के महत्व को बताते हुए अपने स्कूल के दिनों को याद किया और दोस्ती के महत्व को समझाया। साथ ही संस्था के डायरेक्टर सूरज बुद्धदेव ने जीवन में सफल होने की कामना के साथ आजीवन संस्था से छात्रों को जुडने़ रहने की बात कही। अपने इसी संस्था में बारहवीं तक शिक्षा ग्रहण करने के किस्से बताएं। बच्चों को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढने़ की शुभकामनाएं दी। शाला के हेड बॉय हर्ष श्रीवास्तव ने सम्मान प्राप्त करने के दौरान बताया कि कैसे वे क्लास 11 वीं तक मनी माइंडेड था और अपने स्वास्थ खराब होने के बाद शिक्षा के महत्व को समझा और पैसे के पीछे ना भागते हुए सिर्फ अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दिया, उसने अपने सहपाठियों को बताया कि शिक्षकों के सिखाए हुए हर पाठ को कैसे आत्मसात किया और कैसे सेक्रेटरी खुशी मैडम से प्रेरित होकर अपने लक्ष्यों को जीवन में उतारने में सफल हुआ।

हैड बाय हर्ष ने स्कूल प्रबंधन व स्टाफ की प्रशंसा करते मूल्यवान शिक्षा के लिये गुजराती स्कूल का नाम लिया जायेगा। वरिष्ठ शिक्षिका अर्पणा श्रीवास्तव ने बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने सहित समाज व अपने परिवार को सही दिशा में ले जाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा अपने पुराने पढ़ाए हुए बच्चे की कहानी बताकर सभी बच्चों को गुरु दक्षिणा के रूप में सफल ही नहीं देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनने की सलाह दी। इस दौरान संस्था के प्राचार्य तारिक लालानी का जन्मदिवस मनाते हुए केक काटा गया। संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, सेक्रेटरी रूपम सोनछात्रा, उपाध्यक्ष पवन पटेल, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, डायरेक्टर सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल, शेखर पटेल सहित समस्त स्कूल स्टाफ ने 12 वीं के बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी संस्था की शिक्षिका बबीता मैडम ने दी।

# सरस्वती चंद्रवंशी बनी दूसरी बार सुकुलदैहान की सरपंच, गांव मे निकाली आभार रैली





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत नांदगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सुकुलदैहान के नवनिर्वाचित सरपंच सरस्वती चंद्रवंशी ने नवनिर्वाचित वार्ड पंचों के साथ गांव में विजय जुलूस निकालकर ग्रामीणों का अभिवादन किया। कार्यकर्ता आतिशबाजी कर डीजे की धुन में जमकर थिरके। बता दे की नवनिर्वाचित सरपंच सरस्वती चंद्रवंशी कांग्रेस पार्टी से अधिकृत होकर चुनाव लड़ी एवं अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 221 मतों से भारी अंतर से हराया। ग्रामीणों ने सरपंच सरस्वती चंद्रवंशी का अबीर गुलाल पुष्पहार से स्वागत सम्मान किया। सरपंच सरस्वती चन्द्रवशी कृष्णा खरे की धर्मपत्नि है,कृष्णा खरे ग्राम पंचायत मे सन 2015 मे उपसरपंच पद पर रहे,2020 मे पंच बने और इस बार 2025 में पंच नव निर्वाचित हुए है इस तरह से 15 वर्षो तक का पंचायत मे सेवा निरंतर रहा है।इसी तरह वे सुकुल दैहान से दूसरी बार सरस्वती चंद्रवंशी सरपंच बनी . वह सरल व्यक्तित्व,मिलनसार है जिससे ग्रामवासी का स्नेह व प्यार से दुसरा मौका भी ग्रामवासी व समस्त पंचगण ने उसे सहयोग दिया उसके मार्गदर्शन में आगे और भी महत्वपूर्ण उचित कार्य ग्राम में बचे हुए हैं उसे पूरा किया जाएगा उसके अनुभव का लाभ पंचायत व ग्रामवासी को मिलेगा। ग्राम के समस्त पंचगण,मतदातागण व ग्राम वासी को मुझे दिए गए मत सहयोग से दुसरी बार सरपंच चुने जाने पर धन्यवाद नमन व बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

## ग्राम बोदेला में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह

**तुमडीबोड़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सत्संग प्रेमी सज्जनों को यह जानकर परम आनंद होगा कि सदगुरु कबीर सत्संग आयोजन समिति व समस्त ग्रामवासी बोदेला के द्वारा त्रि- दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन दिनांक 27, 28 फरवरी व 1 मार्च दिन गुरुवार ,शुक्रवार, तथा शनिवार को किया गया है। प्रमुख उपदेशक के रूप में सद्गुरु की प्रकट भूमि लहरतारा काशी धर्म स्थान खरसिया से परम पूज्यपाद धर्माधिकारी श्री सुधाकर दास शास्त्री साहेब जी पधार रहे हैं।तीन दिनों तक के अनुभव युक्त व्यवहारिक अमृत उपदेश को श्रवण करने का परम सौभाग्य प्राप्त होगा। पूज्य श्री के साथ संत श्री गौतम दास जी, संत श्री टुकेश्वर दास जी, संत श्री अनुपम दास जी, संत श्री रामचंद्र दास जी, संत श्री दिनेश दास जी, व संत श्री विवेक दास जी भी कार्यक्रम में पधारेंगे अत:पूज्य श्री के सानिध्य का लाभ लेने आप अपने परिवार तथा इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं कार्यक्रम के अंतिम दिवस 1 मार्च को चौका आरती एवं भोजन भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है।



**शुभांक**

1-4-7

136-0 457-6

**भाग्यांक**

118-0 123-6

# जैन समाज ने गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर पूरे उमंग, उत्साह और श्रद्धापूर्वक आगवानी की





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिगंबर जैन परंपरा के प्रख्यात संत निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समता सागर जी ससंघ, मुनि श्री 108 पवित्र सागर जी ससंघ, निर्यापक मुनि श्री 108 वीर सागर ससंघ सहित ऐलक निश्चय सागर ,ऐलक निजानंद सागर ,क्षुल्लक संयम सागर , क्षुल्लक मनन सागर ,क्षुल्लक विचार सागर क्षुल्लक विरल सागर ,निर्ग्रन्ध जैन साधुओं के ससंघ का स्थानीय जैन समाज ने गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर पूरे उमंग, उत्साह और श्रद्धापूर्वक आगवानी की। जैन श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा के दौरान कई जगह पाद प्रक्षालन, मंगल आरती से स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान जय-जय गुरुदेव, जियो और जीने दो, अहिसा परमो धर्म: और जिनशासन संघ जयवंत हो आदि नारे से सड़कें गुंजती रहीं। समाज के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि स्थानीय डोंगरगांव दिगम्बर मंदिर में सभी मुनिराजों के डोंगरगांव के मूलनायक श्री 1008 अजितनाथ भगवान जी के दर्शन कर आहार चर्या पर निकले । उन्होंने बताया कि नगर पंचायत से शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी , पार्षद प्रफुल्ल जैन, रोहित गुप्ता, प्रियंक जैन सहित जैन समाज के संरक्षक देशराज जैन , जिनेंद्र जैन, खूबचंद जैन, अरुण जैन, अध्यक्ष सतीश जैन लल्ली, कमेटी के प्रबोध जैन, धर्मेंद्र जैन, प्रमोद जैन, विमल जैन , रमेश राही, राहुल जैन, अजित जैन, सौरभ जैन, अभिषेक जैन, वकील जैन, आलोक जैन, अनुज जैन, निखिल जैन सहित महिला मंडल अध्यक्ष पिंकी जैन पाठशाला के समस्त बच्चे शिक्षिका व समस्त जैन समाज में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र0// प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 14/02/2 2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जावेद गोरी, मोहम्मद अकबर दोनों के पिता मोहम्मद युनुस गोरी, तबस्सुम बानो गोरी पति जाहिद गोरी, निवासी सदर बाजार, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 0041, खसरा नंबर 15064/10, रकबा 0.0130 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्ण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 28/02/2005 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

जाहे मुश्तिहार आज दिनांक 14/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र0/ प्रवा0-3/अ0वि0अ0/2025
राजनांदगांव, दिनांक 03/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) हर्षद सवाणी पिता प्रवीण भाई सवाणी, (2) सविता तिवारी पति स्व0 भूपेन्द्र तिवारी, (3) अर्चना तिवारी पति सत्येन्द्र, निवासी वार्ड नं0 40, बसंतपुर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 0041, खसरा नंबर 1431/9, रकबा 0.0356 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्ण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 20/02/2005 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/02 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में ग्लोबल प्राइड ऑफ सिंधी अवार्ड 2024 से किसे सम्मानित किया गया है?*
*2) हाल ही में समाचारों में देखा गया कैनोर्हाडाइटिस एलिगेंस क्या है?*
*3) कावासाकी बीमारी किससे संबंधित है?*
*4) ग्रीक लेखकों ने अमित्रोचेट्स किसे कहा है?*
*5) हाल ही में किस देश की कंपनी ने मोमबत्ती के मोम से चलने वाले रॉकेट एसआर75 का परीक्षण किया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) पवन सिंधी (2) नेमाटोड (3) एक दुर्लभ हृदय रोग (4) बिंदुसार (5) जर्मनी

## बिल्हरी पंचायत से कांग्रेस समर्थित सूरज कौशल सरपंच बने

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत बिल्हरी विकासखंड डोगरगढ़ से सरपंच चुनाव में सूरज कुमार कौशल ने 214 मतों से निर्वाचित हुए। उनकी जीत से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है.यहां चुनावी मैदान में अन्य तीन उम्मीदवार भी थे। सूरज कौशल ने जीत हासिल कर ली।सूरज कौशल पूर्व में जनपद सदस्य भी थे उनका अनुभव ग्राम पंचायत बिल्हरी को मिलेगा, सूरज कौशल सरल स्वभाव,सहज मिलनसार व्यक्तित्व के हैं। सूरज कौशल ने ग्राम पंचायत के ग्रामवासी समस्त पंचगण मतदाताओं ने मुझ पर विश्वास करते हुए मुझे बिल्हरी सरपंच बनाया है इसका संपूर्ण ग्रामवासी पंचगण मतदाताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं।



## सलटिकरी में कांग्रेस समर्थित चमेली लोकेश साहू सरपंच बनी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत ग्राम पंचायत सलटिकरी विकासखंड डोगरगढ़ से सरपंच पद में कांग्रेस समर्थित श्रीमती चमेली लोकेश साहू पहली बार सरपंच पद पर विजयी हुई। सरपंच पद हेतु सात उम्मीदवार मैदान में थे जिसमें श्रीमती चमेली लोकेश साहू 156 मत प्राप्त कर सरपंच चुनी गई। विजय श्री हासिल होने के पश्चात बीते दिन आभार रैली निकाली गई है डीजे की धुन पर समर्थकों ने खूब थिरके, इस दौरान ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच चमेली लोकेश साहू का अबीर गुलाल व पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया।चमेली लोकेश साहू ने अपनी जीत का श्रेय गांव की जनता को देते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने गांव की सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही।



# ब्रह्माकुमारीज में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव के डोंगरगांव रोड ,गोकुल नगर के आगे ,बिजली सब स्टेशन के पास स्थित ज्ञान मानसरोवर सेवाकेंद्र में महाशिवरात्रि का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सर्व धर्म सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया था । इस सम्मेलन में ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी के साथ साथ सनातन धर्म के प्रतिनिधि सत्यानंद योग आश्रम से स्वामीस्वयंभू नाथ जी ,मुस्लिम समाज से श्री आबिद बेग जी तथा सिख समाज से श्री त्रिलोचन बग्गा जी पधारे । महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण के याद में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है । जब घोर कलयुग के अंत में सभी मनुष्य आत्माएं त्राहि त्राहि करते हैं तो सबको सुख शांति से भरपूर करने तथा राजयोग से सबका जीवन परिवर्तन करने परमात्मा शिव को इस धरा पर आना पड़ता है । सबके लिए खुशखबरी यह है कि परमात्मा शिव को इस धरा पर अवतरित हुए89 वर्ष हो रहे हैं । यह आत्मा और परमात्मा के मिलन का सुखद संगम युग का समय है । सबको परमपिता परमात्मा शिव से अपना जन्म -जन्म का भाग्य बनानेके लिये उनको याद करना चाहिए । सिख धर्म से पधारे श्री त्रिलोचन सिंह बग्गा जी ने कहा कि परमात्मा एक है लेकिन सभी धर्म उस परमात्मा से मिलन का मार्ग अपने अपने तरीके से बताते है लेकिन सबका मंजिल एक परमात्मा की प्राप्ति ही है। मुस्लिम समाज से पधारे श्री आबिद बेग जी ने कहा कि सभी मानव मात्र का एक ही धर्म है इंसानियत जिसका हमें सम्मान करना चाहिए। सत्यानंद योग आश्रम से पधारे स्वामी स्वयंभू नाथ जी ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की । इसके पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात शिव बाबा का झंडा फहराया गया । कुमारी यशस्वी ने बहुत सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया तथा नन्ही कुमारी शगुन ने शिव तांडव प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन

# अवैध शराब परिवहन करने वालों व ऑन ड्यूटी पुलिस ऑफिसर को धमकी देने वाले भाजपा नेता पर हो कड़ी कार्यवाही - अभिमन्यु उदय मिश्रा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने अपने जारी बयान में कहा है कि अभी अभी एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिसमें अवैध शराब परिवहन करते हुए राजनांदगांव की गाड़ी जिसका नंबर छ्त्र 08 ,क्त 2405 वीडियो में दिख रहा है जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब भी दिख रही है आगे वीडियो में एक भाजपा नेता भी दिखाई दे रहे हैं जो ऑन ड्यूटी पुलिस अफसर को धमकी देते दिखाई दे रहे हैं 'हम भाजपा से हैं सरकार हमारी है ज्यादा उछलोगे तो कुर्सी खिसका देंगे' व किसी से फोन पर कहते हुए भी दिख रहे हैं कि भाजपा की शराब है इनको समझ में नहीं आता क्या एडिशनल एसपी से बात करो यह वीडियो प्रदेश भर में वायरल हो रहा है लेकिन न जाने क्यों पुलिस प्रशासन मौन है उक्त भाजपा नेता खुले आम घूम रहा है उल्टा पुलिस अफसर जिसने कार्यवाही की उसे लाइन अटैच किए जाने की बाते सामने आ रही हैं उक्त प्रकरण से यह साफहै कि पुलिस प्रशासन भाजपा नेताओं व सरकार के दबाव में काम कर रहा है और अवैध शराब का पूरा खेल भाजपा नेताओं द्वारा जिले भर में सरकार के संरक्षण पर चलाया जा रहा है व पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना देख रहा है ।



श्री मिश्रा ने साथ में यह भी कहा है कि उक्त मामले में हम अवैध शराब परिवहन करने वालों पर पुलिस को धमकी देने वाले पर साथ ही जिले भर में चल रहे अवैध शराब में कारोबार पर अगर जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कार्यवाही नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# समाज में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है - फुलबाशन यादव



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सर्किल कोसरिया यादव समाज अंडी के तत्वाधान में वार्षिक संगोष्टि का भव्य आयोजन ग्राम- अंडी में किया गया। जिला स्तरीय इस आयोजन में डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र के विधायक दलेश्व साहू द्वारा प्रदत्त विधायक निधि से नव निर्मित यादव भवन का उद्घाटन , युवक- युवती परिचय सम्मेलन व 3 जोड़ों का आदर्श विवाह भी संपन्न हुआ। इस कार्य क्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाज सेविका पद्मश्री फुलबाशन यादव थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष कंसु राम यादव ने किया। विशेष अतिथियों में के.आर.यादव,शीलू राम यादव,राधे यादव,महेश यादव,फगुवा राम यादव,हरीश यादव,दुर्गा प्रसाद यादव,दिग्विजय यादव,महेश यादव,विनीता यादव,मदन यादव,मुलचंद् यादव,कमलेश यादव,गोविंद यादव आदि ने भी अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय दिये हैं। ऐतिहासिक आयोजन की शुरुआत समाज द्वारा विशाल शोभा यात्रा से हुआ। कार्य क्रम स्थल पहुँच कर श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर मुख्य अतिथि पद्मश्री फुलबाशन यादव ने फीता काट कर नव निर्मित यादव भवन का विधिवतउद्घाटन किया। पद्मश्री फुलबाशन यादव ने अपने उद्बोधन में सबको हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि यह पूरे जिला के लिए अनुकरणीय योगदान है। समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिस्चित् करनाअनिवार्य बताया।समाज की नियमावली की जानकारी सभी को होनी चाहिये और अंध विश्वाश से ऊपर उठके सबको आगे आना होगा। युवक- युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह को अपनाना आज की आवश्यकता बताई। महिलाओं को छोटे- छोटे स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत होना जरूरी बताया।जिला अध्यक्ष श्री कंसु राम यादव ने अपने व समाज की मजबूती के लिए संगठन पर जोर देते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में यादव समाज के जन प्रतिनिधि राजनीति के शेत्र में उभर कर सामने आये हैं,इन सबका विशेष सम्मान जिला कोसरिया यादव समाज के द्वारा 卐 यादव गौरव सम्मान से किया जायेगा। जिला के संरक्षक के.आर. यादव ने अभूत पूर्व आयोजन पर बधाई देते हुए सामाजिक नियमावली पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व के साथ महिलाओं के सम्मान में संशोधित नियमावली का वाचन करते हुए अपने आप से ही इनका पालन करने पर जोर दिया। जिला उपाध्यक्ष श्री राधे यादव ने संगठित एवं असंगठित समाज की कीमत को बखूबी से समझाते हुये संगठित रहने पर जोर दिया। समाज में आदर्श प्रस्तुत करने वाले आदर्श विवाह के तीनों जोड़ों को जिला कोसरिया यादव महासभा राजनंदगांव के द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह का प्रमाण- पत्र और स्मृति चिन्ह ससम्मान प्रदान किया गया। ची.अक्षय पिता किशुन राम यादव अंडी संग सौ. का. पुनीता पिता स्व.संतु राम यादव चाँद सुरूज गोंदिया, ची. मोंटू पिता रघुबीर यादव बजरंगपुर नवागाव संग सौ. ज्योति पिता चैत राम यादव चिखली राजनंदगांव और ची. सुनील पिता दया राम यादव डोमहा टोला संग सौ. शिवानी पिता झगरू राम यादव बजरंगपुर नवा गांव राजनंदगांव सामिल होकर समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत किये हैं। सर्किलों से चिंता राम यादव,खिलावन यादव,सुदर्शन यादव,देवागा यादव,धन्ना लाल यादव,हिरदे राम यादव,लक्ष्मण यादव, ग्वाला प्रसाद यादव, कीर्तन यादव, लखन यादव,जितेंद्र यादव,आशा राम यादव,योगेश यादव,सत्यदेव यादव, मुलचंद् यादव आदि भी समारोह में मौजूद रहे। जिला युवा प्रकोष्ठ के सदस्य एवं स्थानीय संरक्षक यादव समाज के गौरव काष्ठ हस्त शिल्प कलाकार अशोक कुमार यादव ने अपने सफल मंच संचालन के साथ ही अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया।



## दीपक चौहान के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अमित शाहरवि कुमार वर्मा क्रमांक 1142 आरक्षक के पद पर ह्वक्कसुकुलदैहान मे पदस्थ हूं ह्वक्कसुकुलदैहान के अप0क्र. 0/25 धारा 221, 296 ब्रह्रस् का बिना नम्बरी नालसी को चौकी प्रभारी सुकुलदैहान द्वारा असल नम्बरी अपराध कायम कराने भेजे है पेश कर रहा हूं देहाती नालसी नकल जैल है। प्रथम सूचना प्रतिवेदन, जिला राजनांदगांव, थाना ह्वक्कसुकुलदैहान, वर्ष 2025, प्र0सू0प0 क्र0 0/25, दिनांक 25/02/25 विधान- भारतीय न्याय संहिता, धाराए- 221, 296, घटना का दिन- सोमवार, दिनांक- 24/02/25 समय 12/30 बजे लगभग, थाने पर सूचना प्राप्त होने का दिनांक- 25/02/25 समय 21/10 बजे, सूचना का प्रकार लिखित/मौखिक-लिखित, घटना स्थल थाने से दिशा दूरी- 02 कि.मी. दक्षिण दिशा की ओर, घटना स्थल का पता- ग्राम धनगांव रेल्वे फाटक के पास, अभियोगी/सूचनाकर्ता - कुलदीप पाटले आर0क्र0 450 पिता स्व भईया लाल पाटले उम्र 43 वर्ष, राष्टीयता- भारतीय व्यवसाय- पुलिस विभाग पर आरक्षक, पता- ओपी सुकुलदैहान थाना लालबाग राजनांदगांव, ज्ञात /अज्ञात आरोपी का पूर्ण विवरण - दीपक चौहान निवासी मोतीपुर राजनांदगांव, अभियोगी/सूचनाकर्ता द्वारा सूचना दिये जाने मे विलम्ब का कारण- अधिकारियो के राय पश्चात, प्रथम सूचना विवरण- मै पुलिस चौकी सुकुलदैहान पर सहा0 उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हूं जो आज दिनांक 25/02/2025 को 14ञ्च्21 बजे तक ष्ठ/ह्व अधिकारी पर तैनात के दौरान आर0 450 कुलदीप पाटले पुलिस चौकी सुकुलदैहान चौकी उपस्थित आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया जिसका अवलोकन करने पर प्रथम दृष्टया धारा 221, 296 बी0एन0एस0 का अपराध घटित करना पाया गया जिसमे अपराध पंजीबद्ध किया जा रहा है जो लिखित आवेदन नकल जैल है। प्रति श्रीमान चौकी प्रभारी महोदय ओ/पी सुकुलदैहान थाना लालबाग जिला राजनांदगांव छ0ग0, विषय पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान दीपक चौहान नामक व्यकति द्वारा कर्त्तव्य मे बांधा उत्पन्न करते हुये गाली गलौच कर ट्रांसफर करवा दुगां कहकर धमकी दिये जाने की सूचना बाबत, महोदय, निवेदन है कि मै आर0क्र0 450 कुलदीप पटले ओपी सुकुलदैहान थाना लालबाग जिला राजनांदगांव मे आरक्षक गश्ती के पद पर पदस्थ हूं दिनांक 24/02/2025 को हमराह आरक्षक क्रमांक 19 रूपेन्द्र साहू के साथ थाना प्रभारी महोदय के आदेश पर सादे वस्त्रो मे शासकीय मोटर सायकल क्रमांक सीजी/03/ए/0864 के संदिग्ध कार क्रमांक सीजी/08/एओ/2405 मे अवैध शराब परिवहन के संबंध मे प्राप्त मुखबीर सूचना तस्दीक हेतु ग्राम धनगांव रेल्वे क्रासिंग पर पर संदिग्ध कार क्रमांक सीजी/08/एओ/2405 को रोककर अपना परिचय देकर वाहन चेक करने की बात पर चालक द्वारा हीला हवाला कर वाहन की ?डिक्की खोला गया जिसमे अवैध शराब लगभग 03 से 04 पेटी रखा था इसी दौरान चालक वाहन स्वामी को फोन कर बुलाया गया जो मौके पर उक्त वाहन स्वामी उपस्थित आकर अपना नाम दीपक चौहान बताया एवं हम दोनो को पुलिस वाले है जानते हुये। गाली गलौच कर मेरी गाडी रोककर चेक करने की हिम्मत कैसे हुई मै क्षेत्र का नेता हूं तुम दोनो पुलिसवालो का ट्रांसफर करवा दुगां मेरी उपर तक पहुंच है कहकर मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौच कर जितना रौब दिखा रहा है न गांड मे भर देगें कहा एवं शासकीय कार्य मे बाधा डालकर रोके गये शराब से भरे वाहन को चालक सहित मौके से भगा दिया गया और धमकी देने के बाद दीपक चौहान वहां से अपने मोटर सायकल से चला गया दीपक चौहान के द्वारा शासकीय कार्य मे बाधा उत्पन्न करने एवं गाली गलौच करने से मै बहुत व्?यथित एवं निराश हूं। अतः श्रीमान जी से दीपक चौहान के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु आवेदन सादर प्रस्तुत है। हस्ताक्षर अंग्रेजी मे अस्पष्ट प्रा र्थी आर0क्र0 450 कुलदीप पाटले ओपी/ सुकुलदैहान थाना लालबाग अपराध पंजीबद्ध किया गया। हस्ताक्षर सूचक अंग्रेजी मे अस्पष्ट, हस्ताक्षर कायमीकर्ता अंग्रेजी मे अस्पष्ट चम्पेश ठाकुर सउनि प्रति माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राज0 की ओर सूचनार्थ।

## धर्म समाचार....

# अष्टम भाव में केतु होने से जीवन पर क्या असर होता है


यदि आपकी कुंडली में केतु अच्छी पोजीशन में है तो निश्चित ही आपको इसके अच्छे परिणाम दिख रहे होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आठवें घर में बैठे केतु का क्या असर होता है। अष्टम भाव का केतु जातक को कुछ विशेष गुण प्रदान करता है। ज्योतिष शास्त्र में रुचि रखने वाले सभी लोगों के लिए यह काम की खबर है। यह तो हम सभी जानते हैं कि ग्रहों की चाल का हमारे जीवन पर अनुकूल और प्रतिकूल प्रभाव होता है। बात राहु और केतु की करें तो ये ग्रह पाप ग्रह की श्रेणी में आते हैं। राहु एक छाया ग्रह है जो कि आभास देता है। राहु सिर है और केतु धड़ है। यही कारण है कि राहु के साथ केतु का भी जिक्र किया जाता है। राहु मायावी है और केतु चमत्कारिक है। यह डिटैचमेंट और मोक्ष का भी कारक है। आपको देखना चाहिये कि केतु आपकी कुंडली के कौन से भाव में है। यदि यह आंठवे भाव में है तो उसका जीवन पर क्या असर होगा, आचार्य मण्डन मिश्र: हमें इसके बारे में बता रहे हैं। महाकुंभ में डुबकी लगाने ग्वालियर स्टेशन पर उमड़ी भीड़, रेलवे को कैंसल करनी पड़ी ट्रेन महाकुंभ में डुबकी लगाने ग्वालियर स्टेशन पर उमड़ी भीड़, रेलवे को कैंसल करनी पड़ी ट्रेन न्याय के देवता शनि 28 फरवरी को होंगे अस्तज् मेष और तुला राशि वालों को होगा बंपर लाभ, जानिए शेष राशियों पर असर न्याय के देवता शनि 28 फरवरी को होंगे अस्तज् मेष और तुला राशि वालों को होगा बंपर लाभ, जानिए शेष राशियों पर असर गुरु गोचर से 6 राशि वाले नोटों में लगाएंगे गोते, चमक जाएगी किस्मत गुरु गोचर से



6 राशि वाले नोटों में लगाएंगे गोते, चमक जाएगी किस्मत कुंभ राशि में बन रहा दुर्लभ त्रिग्रही योग, इन 4 राशियों की भर जाएगी तिजोरी केतु विरक्ति कारक है केतु त्याग का दूसरा नाम है केतु मुक्ति का मार्ग है केतु आपकी अंतर आत्मा है केतु आपका परमत्मा से सीधा सम्बन्ध है। अष्टम भाव समाधि, रहस्यों , आयु / मृत्यु / का भाव है अष्टम भाव वसीयत पैतृक सम्पत्ति , बहुत बड़े बदलाव , ऐक्सिडेंट और असाध्य रोगों का भी है। अष्टम भाव से अचानक जुआ सट्टा से मिला धन और गुप्त विद्याओं का भी विचार किया जाता है अष्टम भाव ससुराल और सेक्सुअल स्कैंडल का भी है। अष्टम भाव बाधा का घर है और केतु को कुजावत केतु कहा गया है अर्थात मंगल के समान तेज़ और अचानक परिणाम देने वाला....अष्टम भाव में केतु अचानक बड़ी बाधा देने में सक्षम है। अष्टम भाव में केतु हो तो व्यक्ति के पास इन्ट्यूशन पॉवर होती है ऐसा व्यक्ति भविष्य में होने वाली घटनाओं को कई बार जान लेता है अष्टम भाव का केतु यानी शमशान पर बैठा अघोरी / फक्कीर जो आपको अचानक कोई दुआ दे दे जैसे आपकी संतान नहीं होती और कोई अघोरी फक्कीर अचानक आपको मिले और दुआ दे और वो दुआ घटित हो जाए ये अष्टम के केतु की करामात है। अष्टम भाव में केतु हो और उसका सम्बन्ध शुक्र गुरु / धन भाव / एकादश भाव / चतुर्थ भाव से बने तो अचानक धन या प्रॉपर्टी प्राप्त होती है। अष्टम भाव का केतु कोई ना कोई बीमारी या सर्जरी देने में सक्षम होता है। अष्टम भाव में केतु हो तो व्यक्ति खोजी प्रकृति का होता है और रिसर्च की दुनिया से नाम कमा सकता है। अष्टम भाव में केतु हो तो व्यक्ति पहले ही मृत्यु की आहट सुन लेता है। अष्टम भाव में केतु शुभ हो तो व्यक्ति प्राकृतिक आपदा या ऐक्सिडेंट में फस कर भी जिंदा बाहर निकाल आता है जैसे भूकंप आने के बाद पूरी बिल्डिंग गिर जाने के बाद व्यक्ति नीचे से जिंदा बाहर निकाल आए। अष्टम भाव में केतु हो तो पुत्र संतान को कष्ट रहता है या पुत्र संतान देरी से जन्म होती है। अष्टम भाव में केतु पीड़ित हो तो कोई बड़ा घाव या / कमर से नीचे के रोग अवश्य देता है। अष्टम भाव में केतु हो तो उधार दिया हुआ धन मरा जाता है। अष्टम भाव का केतु आमदनी में रुकावट / प्रोफेशन में रुकावट और समस्या दे सकता है।

## पोप फ्रांसिस की खराब सेहत के बाद चर्चा में आई की ये भविष्यवाणियां

मिशेल डी नास्त्रेदमस का जन्म 14 दिसंबर को फ्रांस के एक छोटे से कस्बे में हुआ था। नास्त्रेदमस बचपन से ही पढ़ने में तेज थे। उन्होंने कठिन मेहनत कर न केवल चिकित्सा क्षेत्र में बल्कि ज्योतिष क्षेत्र में भी खूब नाम कमाया था। उनकी भविष्यवाणियां दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। 2025 को लेकर भी नास्त्रेदमस ने कई भविष्यवाणी की हैं। ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की लगातार बिगड़ती सेहत पूरी दुनिया में चिंता का विषय बन गई है। दुनिया भर में लोग परम पिता परमेश्वर से पोप फ्रांसिस के जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। खबरों की मानें तो पोप फ्रांसिस की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टर ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की सेहत पर निगरानी रखे हुए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक धर्मगुरु पोप फ्रांसिस दमा और सांस संबंधी बीमारी से पीड़ित हैं। सेहत बिगड़ने के बाद 14 फरवरी को ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वर्तमान समय में पोप फ्रांसिस को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। लेकिन क्या आपको पता है कि ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की सेहत बिगड़ने की भविष्यवाणी नास्त्रेदमस ने 16वीं शताब्दी (ह्रशह्यह्लह्म्ड्डस्रड्डद्वह्वह्य क्कह्म्द्गस्रद्बष्ह्लद्बशठ्ठह्य 2025) में ही कर दी थी? इसके साथ ही उन्होंने कई अन्य महत्वपूर्ण भविष्यवाणियां की हैं। इनमें कई भविष्यवाणी सच साबित हुई हैं। आइए, नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी के बारे में सबकुछ जानते हैं-झ्र नास्त्रेदमस फ्रांसीसी भविष्यवक्ता के साथ-साथ डॉक्टर और शिक्षक भी थे। इनका जन्म 14 दिसंबर, 1503 को हुआ था। नास्त्रेदमस ने 15वीं शताब्दी में महामारी प्लेग से पीड़ित लोगों का इलाज किया था। नास्त्रेदमस ने कविता के जरिए भविष्यवाणी की थी। इनकी कई भविष्यवाणी शत प्रतिशत सच साबित हुई हैं। इनमें कोरोना महामारी, जापान में आए भूकंप, लंदन की आग, एडोल्फ हिटलर की तानाशाही और 11 सितंबर का हमला प्रमुख हैं।नास्त्रेदमस की ये सभी भविष्यवाणियां सही साबित हुई हैं। इसके साथ ही कई अन्य भविष्यवाणी की हैं, जो समय के साथ सच हुई हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# राजनांदगांव में महाशिवरात्रि पर निकली भव्य महाकाल पगड़ी यात्रा







राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज शहर में भव्य महाकाल पगड़ी यात्रा निकाली गई। इस आयोजन में शहर के सभी गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालुओं द्वारा पूजन-अर्चन किया गया और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शहरवासियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर यात्रा में सहभागिता निभाई। ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के सफल आयोजन पर श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे शिवभक्ति का अनूठा उदाहरण बताया।

## महाशिवरात्रि पर्व पर शामिल हुई जिला पंचायत सदस्य बिरम रामकुमार मंडावी





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिरम राम कुमार मंडावी आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम बम्मनी चारभाठा और जैतगुड़रा मे महाशिवरात्रि पर्व में शामिल हुई ।महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम बम्हनी चारभाठा महादेव जी की पूजा-अर्चना कर सर्वमंगल की कामना की और ग्रामवासियों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना एवं समस्तजनों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी ।भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा से सबके जीवन मे खुशहाली व समृद्धि का वास हो।

## दिल्लु दोबारा सरपंच बने



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थल ग्राम पंचायत ढोडिया के सरपंच दिल्लू साहू दोबारा निर्वाचित हुआ अपने प्रतिद्वंद्वी को 254 वोटों से हराया युवा नेतृत्व के भरोसा जीताया ग्राम ढोडिया एवं आश्रित ग्राम भोडिया के मतदाताओं ने किया दोबारा निर्वाचित किया सोमवार को डी जे के साथ आभार रैली कर सभी घरों जाकर आशीर्वाद लिया साथ में पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व सरपंच हुकुम बारसागढे पूर्व उपसरपंच धामनसरा कृत लाल पटेल डेहरा निषाद देबू यादव नीलम यादव लिखन साहू मंगलू नेतराम भरत बुधरू साहू नंदू श्रीवास परशू साहू दुष्यंत साहू बोधिनी मंडावी कामनी यादव लक्ष्मी साहू आभा उइके बसंत ममता सुरेखा नूतन साहू डोमन साहू सत्यवान सहित सैकड़ों ग्रामीण जन आभार रैली उपस्थित रहा।

## नगर में नहीं थम रहा है दुर्घटनाओं का सिलसिला

### नगर में निर्माणाधीन सड़क पर फिर हुआ गंभीर हादसा, रोड के डायवर्शन में संकेतक ना होने के कारण डिवाइडर में चढ़ा ट्रक

**एक महिला घायल**

**बाल बाल बचे**

**राहगीर नागरिक**



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव में लगातार हादसों का सिलसिला एक बार फिर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार सुबह नगर के मध्य भाग निर्माणाधीन सड़क में फिर एक गंभीर हादसा हो गया है। यहां कलवर्ड निर्माण हो रहा है जहां ठेकेदार द्वारा डायवर्शन रोड पर संकेतक नहीं लगाने के कारण खाद से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसा। टक्कर से ट्रक के टायर फट गए और तेज धमाका हुआ जिसकी आवाज सुनकर आसपास रहवासी घबरा कर डिवाइडर के पास सभी वहां आ गए। इस दुर्घटना में विपरीत दिशा से आ रही महिला ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे वहां मौजूद नागरिक अस्पताल ले गए। वही सड़क के किनारे खड़े हमारे रिपोर्टर व उनके साथ मौजूद नागरिक सहित अनेक राहगीर बाल बाल बचे। नगर के मध्य स्थित स्टेट हाईवे के सड़क चौड़ीकरण, डिवाइडर और ड्रेनेज निर्माण एवं अन्य कार्य किया जाना है जो बीते दो वर्षों से ठेकेदार और विभागीय लापरवाही के चलते कछुआ चाल चल रहा है ये कार्य बहुत दिनों से लंबित है। वही लापरवाही पूर्वक चल रहे निर्माण कार्य के चलते नगर में आए दिन गंभीर हादसे हो रहे है। बता दे कि, इन हादसों अब तक चार मौतें हो चुकी है। निर्माण में विलंबता और अमानक निर्माण की शिकायत लंबे समय से किया जा रहा है,परन्तु आज पर्यंत तक जिम्मेदारों पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है जिसे लेकर नागरिकों में अब असंतोष गहराने लगा है।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 आसरा से भाजपा द्वारा अधिकृत प्रत्याशी जागृति चुन्नी यदु दूसरी बार जीती



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में राजनांदगांव जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन हेतु जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 आसरा से भाजपा द्वारा अधिकृत व समर्थित प्रत्याशी जागृति चुन्नी यदु दूसरी बार उम्मीदवार घोषित किए जाने पश्चात दूसरी बार शानदार जीत हासिल की है। बीजेपी नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश पांडे ने संवाददाता को अपने वक्तव्य में बताया कि जागृति चुन्नी यदु की अपने क्षेत्र की जनता के बीच उनकी साफसुथरी, सहज, मृदुभाषी, हंसमुख सरल, व मिलनसार की एक दमदार व्यक्तित्व वाली छवि रही है, जिसे उन्हें इस बार भी क्षेत्र की जनता ने एक चहेती नेत्री के रूप में स्थापित किया है। क्षेत्र की जनता के हर सुख दुख व उनकी हर एक समस्या को गम्भीरता से लेकर सदैव उनके बीच उपस्थित रही, तो वहीं सड़क, भवन, बिजली, पानी, जैसे अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर सजगता से प्राथमिकता के साथ कार्य किया है, तो वहीं मोदी की गारंटी वाली योजनाओं आवास, विष्णु देव सरकार की महतारी वंदन, 1 रुपए किलो चावल वा किसानों, मजदूर कस लोगों को सम्मान देने, अंतर की राशि किसानो के सीधे खाते में जमा कराने जैसे योजनाओं व विषयों पर जमीनी स्तर पर जाकर कार्य किया है। जिसका प्रतिसाद क्षेत्र की जनता ने उन्हें दूसरी बार चुन कर दिया है, तथा दूसरी बार जिला पंचायत भेजा है। उनके दमदार और कुशल नेतृत्व वाली छवि के कारण व दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर क्षेत्र की जनता उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में देखने की अपनी ईक्षा

**जनसंपर्क के दौरान जाहिर कर**

चुकी है, क्षेत्र की जनता ने इस बार जागृति चुन्नी यद् को सिर्फ जिला पंचायत सदस्य के रूप में ही नहीं जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में भी उनके पक्ष में भारी मतदान कर चुना है। जिसे देखते हुए उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष बनाए जाने की भी प्रबल संभावनाएं बढ़ गई है। आने वाले दिनों में क्षेत्र की जनता, आम मतदाताओं के महत्वपूर्ण व जनसरोकार के विषयों वा शासन की आने वाली विभिन्न योजनाओं वा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के कार्यों को लेकर गंभीरता से धरातल पर उतारने की अपेक्षा जागृति चुन्नी यदु से होगी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com